## संक्षिप्त

### अर्जुन गुर्जर ने लहराया परचम

**निवाई।** टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2024-25 में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झिलाय का छात्र अर्जुन गुर्जर ने कौशल प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या अनुराधा वर्मा ने बताया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के तत्वावधान में टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी कौशल प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत छात्र अर्जुन गुर्जर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिस पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी अनीश अख्तर, प्रधानाचार्या अनुराधा वर्मा, व्यावसायिक प्रशिक्षक श्वेता खंडेलवाल व कौशल मित्र प्रभारी बनवारीलाल मिश्रा ने छात्र अर्जुन गुर्जर के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा ।** राजस्थान शारीरिक शिक्षक शिक्षा संघ मालपुरा ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व मे बुधवार को शारीरिक शिक्षको ने मुख्यमंत्री के नाम मालपुरा एसडीएम प्रतिनिधि को सौपा ज्ञापन। शारीरिक शिक्षको की और से सौपे गये ज्ञापन मे संगठन की 21 मांगो का उल्लेख करते हुये जल्द मांगो का सकारात्मक निर्णय ले शिक्षको की समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान शारीरिक शिक्षक श्रवण लाल वर्मा,महेन्द्र शर्मा,रामधन वर्मा, महबूब अली,चन्द्रप्रकाश भादू,इकराम अली,रेणु खंगार, नाथी देवी, जयमाला शर्मा, निखिल नामा, हिमांशु गालव,जाहिद नकवी, राधामोहन शर्मा, नन्दकिशोर योगी,अजय शर्मा, रामगोपाल सोनी,राकेश चौधरी, बुद्धिप्रकाश खटीक आदि मौजूद रहै।

### आरोपी को गिरफ्तार किया

**दूदू ।** स्थानीय थाने की पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के दर्द प्रकरण में एक माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आनंद शर्मा ने बताया कि 6 जनवरी 2025 को सोनू देवी बेरवा निवासी गागरडू द्वारा अपनी नाबालिग बेटी के साथ आरोपी मुकेश वर्मा द्वारा दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया था दर्ज रिपोर्ट के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं थाना निरीक्षक मुकेश कुमार खराडिया के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर कार्यवाही की गई इस दौरान आरोपी मुकेश वर्मा को पुलिस ने चील गाड़ी होटल फुलेरा से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया अनुसंधान जारी है

### चिकित्सा परामर्श शिविर 9 को

**श्रीमाधोपुर।** स्वर्गीय चंद्र मणि शर्मा धर्मार्थ चिकित्सा संस्थान श्रीमाधोपुर में 9 फरवरी रविवार को प्रातः 10 से 1 बजे तक निःशुल्क न्यूरोलॉजी चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्थान के युगल किशोर शर्मा जोशी एवम समाजसेवी छाजूराम खेड़ीवाल ने बताया कि शिविर में डॉ अंजनी कुमार शर्मा वरिष्ट न्यूरो फिजिशियन रुक्मणि बिरला हॉस्पिटल जयपुर लकवा, न्यूरो, सर्वाइकल ,मिर्गी ,स्पाइन, नर्वस बीमारी से ग्रसित मरीजों को नि,:शुल्क परामर्श देंगे।

### आवेदन की अन्तिम तिथि 8 फरवरी

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन पत्र 8 फरवरी तक जमा करवाने के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्राचार्य प्रो. दीपकराज जैन ने बताया कि महाविद्यालय में मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन पत्र जमा करवाने के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। डॉ. सुमन ने बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए पार्ट द्वितीय की सभी नियमित छात्राएं 8 फरवरी तक बिना विलंब शुल्क ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर हार्ड कॉपी मय दस्तावेज महाविद्यालय में 10 फरवरी तक जमा करा सकते हैं।

### बैठक आयोजित

**मनोहरपुर ।** कस्बे के बस स्टैंड पर स्थित सूर्या 8इंजिनियरिंग वर्क्स पर जागिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति त्रिवेणी धाम के पदाधिकारियों की समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष मदन लाल हरसोलिया में 17 वे सामूहिक विवाह की गणेश प्रसादी प्रसादी 13 फरवरी 2025 रविवार को आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। जो कि उपस्थित सदस्यों ने पारित किया।

# 'सरकार की योजनाओं से कोई भी व्यक्ति लाभांवित होने से वंचित ना रहे'



अलवर टाइगर मैराथन दौड़ रूट का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।

- अलवर और खैरथल में अधिकारियों के साथ की बैठक व अलवर में मैराथन दौड़ रूट का किया निरीक्षण

**अलवर/खैरथल।** केंद्रीय मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने बुधवार को अलवर और खैरथल में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अलवर व खैरथल तिजारा जिले में विकास और सुरक्षा व्यवस्था के साथ केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा मंत्री भूपेंद्र यादव ने सांसद खेलकूद उत्सव के तहत 9 फरवरी को अलवर में होने जा रही मैराथन दौड़ रूट का निरीक्षण भी किया।

अलवर सर्किट हाउस में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने जिला कलेक्टर अलवर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला कलेक्टर कोटपूतली-बहरोड कल्पना अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव नैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारीयों के साथ बैठक की वहीं खैरथल में जिला कलेक्टर किशोर कुमार के साथ बैठक की। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने अलवर जिले व संसदीय क्षेत्र में आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं अलवर सांसद खेल उत्सव के समापन कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा की।

केंद्रीय मंत्री यादव ने अलवर जिले व संसदीय क्षेत्र में आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या के समाधान हेतु तत्कालीन प्रकृति एवं दीर्घकालीन प्रकृति की कार्य योजना बनाकर इसे तत्काल प्रभाव से अमल में लाएं, ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में किसी भी प्रकार की पेयजल संबंधी असुविधा का सामना ना करना पडे। पेयजल समस्या संबंधी निर्देशों की पालना प्राथमिकता से सुनिश्चित करें, इनकी एक माह पश्चात पुनः समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि साफ-सफाई की व्यवस्था अनवृत इसी प्रकार से जारी रहे, जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग में सुधार हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुन्दर शहर पर्यटकों के लिए आकर्षण के साथ-साथ अन्य आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में भी उभरता है।

केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख 25 जनकल्याणकारी योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं से जिले का कोई भी पात्र व्यक्ति लाभांवित होने से वंचित ना रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाओं की समयबद्ध धरातल पर क्रियान्विति कराने के भी निर्देश दिये।

## कालबेलिया गैंग का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** देवली थाना क्षैत्र में मकान के बाहर सोते हुए लोगों के आभूषण झपटकर ले जाने वाले आरोपी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया, यह कालबेलिया गैंग सदस्य है, जिसने कई वारदातें की है। थानाधिकारी दौलतराम ने बताया कि थाना पुलिस की टीम ने देवली शहर समेत ग्रामीण इलाकों में रात्रि के वक्त सो रहे लोगों के पहने हुए सोने के आभूषण झपट्टा मारकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पूछताछ के दौरान उसने देवली इलाके में तीन वारदाते करना स्वीकार किया है। आरोपी रामस्वरूप पुत्र मिट्ठूलाल कालबेलिया निवासी रुपाहेली थाना लांबाहरिसिंह तहसील मालपुरा जो तीन प्रकरणों में वांछित है जिसे पुलिस ने बुधवार को बीसलपुर के जंगलों में दबिश देकर डिटेन किया और गिरफ्तार किया है, यह आरोपी दिन के वक्त रेकी करते हैं, वही रात में घरों के बाहर सोने वाले लोगों के कानों के सोने के झूमर, मुरकिया, टॉप्स तोड़कर ले जाते हैं।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



श्री श्याम मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।

**नारायणपुर।** कस्बें में स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यह कलश यात्रा श्री श्याम मंदिर के महंत मुन्नादास महाराज के सानिध्य में पीर संज्यानाथ आसण से प्रारंभ हुई, जो कस्बे के मुख्य बाजार से निकली, जिसमे 751 महिलाओं ने कलश धारण कर भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाए और नृत्य किया। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।

श्रीमद् भागवत कथा का वाचन आचार्य अभिषेक वशिष्ठ महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 12.15 से 3.15 बजे तक किया जाएगा। आयोजन के तहत 10 फ़रवरी को सर्व समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा के भवन लोकार्पण एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जाएगा। वहीं, 11 फरवरी को कथा के समापन के अवसर पर भंडारा आयोजित होगा, जिसमें आसपास के श्रद्धालु पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे।

इस भव्य धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, थानागाजी प्रधान जयप्रकाश प्रजापत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष मन्नी देवी शामिल होगी।

## अतिक्रमण हटाया

**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त धर्मपाल जाट के निर्देश पर बुधवार को नगर परिषद की टीम द्वारा कस्बे के विभिन्न मुख्य मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण हटाये गये। वहीं करीब दो दर्जन दुकानों के आगे रखे सामान को जप्त किया गया। वहीं अतिक्रमियों के करीब 20 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। कस्बे के मुख्य चौराहा पर रेहडियों व ठेलों से प्लास्टिक की थैलियां जप्त की गई। इसी दौरान नगर परिषद की कार्यवाही से लोगों में आक्रोश देखा गया। कुछ लोग तो नगरपरिषद की टीम से उलझ पड़े। आयुक्त धर्मपाल जाट ने बताया कि नगर परिषद की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

उन्होंने सभी को अवगत करवाते हुये कहा कि समय रहते अपने सामान को दुकानों के अन्दर रखें, दुकानों के बाहर आम रास्तों पर अतिक्रमण नहीं करें। दुकानों के बाहर सामान रखने से आये दिन मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# ए. डी. एम. ने किया ग्राम पंचायत शिविर का निरीक्षण



अतिरिक्त जिला कलक्टर सहारण ने आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- फार्मर रजिस्ट्री विराटनगर व पावटा तहसील की ग्राम पंचायत भामोद, किशनपुरा, खेलना, लाडाकाबास से अभियान शुरू, यूनिक आईडी से मिलेगी किसानों को बड़ी राहत

**पावटा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में किसान खुशहाल होंगे। किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु नित नई योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिले में फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर बुधवार 05 फरवरी से विराटनगर व पावटा तहसील में शिविरों का शुभारम्भ हुआ। अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने पावटा तहसील की ग्राम पंचायत खेलना में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद किसानों से संवाद कर उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखें ताकि इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने किसानों से अपने परिचित किसानों को शिविर के बारे में जानकारी देने की अपील करते हुए बताया कि किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है। कृषक विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि को डिजिटल रूप में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को 'आधार' आधारित एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे। वहीं एसडीएम विराटनगर अमिता मान व पावटा एसडीएम कपिल उपाध्याय के अनुसार, इस पहल से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी और बार-बार सत्यापन की झंझट से मुक्ति मिलेगी। योजना के तहत प्रत्येक किसान को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी।

## पट्टों की जांच कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**श्रीमाधोपुर।** सिहोडी पंचायत के त्रिलोकपुरा गांव में संपूर्ण अतिक्रमण हटाने और पिछले पाँच वर्षों में दिए गए पट्टों की जांच कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री समेत ग्राम पंचायत के प्रशासक को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत केवल एक व्यक्ति विशेष को निशाना बनाकर उसका अतिक्रमण हटा रही है,जबकि पूरे गांव में अतिक्रमण फैला हुआ है। प्रशासन के इस कथित भेदभावपूर्ण रवैये से नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को पंचायत पंचायत मुख्यालय सिहोडी में धरना शुरू कर दिया। शाम को धरना समाप्त करने के बावजूद ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो वे दोबारा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि वे केवल निष्पक्षता चाहते हैं और यदि प्रशासन अतिक्रमण हटाता है, तो वह पूरे गांव से हटाए,न कि किसी एक व्यक्ति को टारगेट करे। बुधवार दोपहर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुंचकर प्रशासक सुंदरलाल भावरिया से मिलने की मांग की, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनकी मांगों को नजर अंदाज करने पर लोगों में आक्रोश बढ़ गया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत ने पिछले पाँच वर्षों में अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते कई लोगों को अवैध रूप से पट्टे वितरित किए हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ग्रामीण अपनी मांग को लेकर पंचायत के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत केवल एक व्यक्ति विशेष को निशाना बनाकर उसका अतिक्रमण हटाना चाहती है, जबकि अन्य जगहों पर हो रहे अतिक्रमण को नजरअंदाज किया जा रहा है।

ग्रामीणों की मांग है कि पूरे गांव में हो रहे अतिक्रमण को बिना किसी भेदभाव के हटाया जाए। प्रशासक सुंदरलाल भावरिया पर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि वे जनता के बीच नहीं आ रहे हैं और उनकी शिकायतों को अनसुना कर रहे हैं। जब ग्रामीण पंचायत पहुंचे,तब भी प्रशासक ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया और बिना चर्चा किए कार्यालय छोड़कर चले गए। इससे नाराज ग्रामीणों ने पंचायत मुख्यालय के बाहर धरना जारी रखने का ऐलान कर दिया। दोपहर तक धरना जारी रहा, लेकिन शाम 4 बजे अजीतगढ़ पंचायत समिति के विकास अधिकारी के प्रतिनिधि धुडाराम ने मौके पर पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं।

# 'मां जननी ही नहीं, मूर्तिकार भी है'



उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में मौजूद अतिथि।

- सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक चैतन्य प्रकाश, सम्मेलन की अध्यक्ष आरजेएस मेघा जैन ने दीप प्रज्जवलित करके किया

**निवाई।** उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर के पांचजन्य सभागार में बुधवार को मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक चैतन्य प्रकाश, सम्मेलन की अध्यक्ष आरजेएस मेघा जैन, विशिष्ट अतिथि भारतीय शिक्षा प्रचार समिति जिला अध्यक्ष दिनेशकुमार शर्मा व व्याख्याता स्नेहा मीणा व संरक्षक हनुमानसहाय जैन ने मां सरस्वती एवं मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक चैतन्य प्रकाश ने कहा कि मां जननी है और मां मूर्तिकार भी है। वह बच्चों को बोलना सिखाती है, संस्कार सिखाती है और अच्छे बुरे का ज्ञान देती है। इसीलिए मां को शक्ति स्वरूपा कहा गया है।

मां की राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका रहती है क्योंकि वही राष्ट्र निर्माता तैयार करती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भगतसिंह, सुभाषचंद्र बोस, शिवाजी, महाराणा प्रताप, चंद्रशेखर आजाद यह सब वह बालक हैं जिनको माता ने ही तैयार किया था। समारोह की अध्यक्षता करते हुए आरजेएस मेघा जैन ने कहा कि जीवन में माता का महत्व उस ऑक्सीजन की भांति है जो एक प्राण वायु है।

जिस प्रकार जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन होती है ठीक उसी प्रकार जीवन को चलाने के लिए मां होती है। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष दिनेशकुमार शर्मा ने कहा कि मां संस्कार देकर बच्चों को लायक बनाती है। इसलिए माता का स्थान सबसे ऊपर है। विशिष्ट अतिथि व्याख्याता स्नेहा मीणा ने अपनी सफलता का श्रेय भी अपनी मां को ही दिया है। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए हम मेहनत करते हैं। लेकिन वह सफलता मां के आशीर्वाद से ही मिलती है। इसलिए मां का स्थान सर्वोपरि है।

सम्मेलन के अंत में विद्यालय समिति अध्यक्ष रामगोपाल सेवालिया ने आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर विद्यालय व्यवस्थापक योगेंद्र सिंहल, प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा, सहायक प्रधानाचार्य मोहनलाल शास्त्री, बालिका प्रधानाचार्य सीमा माथुर, शिशु वाटिका प्रधानाचार्य शिवराज पाराशर व प्राथमिक प्रधानाचार्य गिर्राज गुर्जर सहित मातृशक्ति व विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## महाश्रृंखला में 60वें यज्ञ की पूर्णाहुति

**पावटा।** सिद्ध योगी श्री बाबा बालनाथ आश्रम बावड़ी पावटा में वर्ष पर्यंत चल रहे 108 कुंडिय महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ के 72 यज्ञों की महाश्रृंखला में आज 60वे यज्ञ की पूर्णाहुति बुधवार को हुई। जिसमें सभी यजमानों ने इस पांच दिवसीय यज्ञ में बड़े ही ध्यान से पूजन और हवन का कर्म करते हुए प्रकृति प्रकोप और महामारी और विश्व कल्याण की रक्षा हेतु भगवान महामृत्युंजय शिव नामावली के साथ आहुतियां दी गई। साथ में बाबा श्री के द्वारा इस यज्ञ की पूर्णाहुति प्रधान कुंड पर बाबा श्री के कर कमलो के द्वारा हुई। वहीं इस दौरान बाबा श्री के भेंट के स्वरूप कई यजमानों ने दुर्व्यसन का त्याग किया। वहीं बाबा बालनाथ ने कहा कि सत्कर्म के साथ धर्म और धैर्य को धारण करना है। हमें हमारे शास्त्रो का सम्मान करना चाहिए धन वैभव मान सम्मान प्रतिष्ठा यह सब त्याग करके निस्वार्थ भावना से जीवन को जीना चाहिए। धर्म को सही तरीके से पालन करना चाहिए निर्णय और निश्चय से जीवन बदलता है।

## सार-समाचार

### 37 प्रतिभाऐं सम्मानित



**टोंक।** गुर्जर समाज एवं सांड बाबा मंदिर समिति टोंक द्वारा श्री देवनारायण भगवान की 1113वीं जयन्ती के अवसर पर बीती रात्रि को गुर्जर समाज की 37 प्रतिभाओं को प्रशंसा पत्र, स्मृति चिन्ह एवं देव दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया गया। अतिथि के रूप में डॉ. के.एल गुर्जर, केसरलाल गुर्जर, हरिभजन गुर्जर, कालूराम रगल, नेहनूलाल पटेल, लक्ष्मी नारायण गुर्जर, रामप्रकाश बदुडी, कोरपाल गुर्जर, रामअवतार धाभाई आदि ने 10वीं, 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं, 85 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इनके अलावा राजकीय सेवा में चयनित भावना गुर्जर, रश्मि गुर्जर, शिवलता खटाना, विनोद गुर्जर, प्रियंका गुर्जर, मनीषा खटाना, बेंदकत गुर्जर को भी प्रशंसा पत्र, स्मृति चिन्ह एवं देव दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया गया।

### दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफतार

**सांभरझील ।** दूदू थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को एक माह बाद गिरफ्तार किया। आनन्द शर्मा, उप-महानिरीक्षक, सह पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया कि दिनांक 06 जनवरी को गागरडू के रहने वाले पीड़ित परिवार के द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री का आरोपी मुकेश वर्मा द्वारा दुष्कर्म करने के संबंध में रिपोर्ट पेश करने पर अभियोग पंजीबद्ध थाना दूदू में करवाया था। वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु शिवलाल बैरवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू व दीपक खण्डेलवाल वृताधिकारी दूदू के निर्देशन में मुकेश कुमार थानाधिकारी थाना दूदू के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आज मंगलवार को आरोपी मुकेश वर्मा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद अभियुक्त मुकेश वर्मा फरार होकर कोल्हापुर (महाराष्ट्र) चला गया था जिसको पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहयोग से चीलगाडी होटल फुलेरा से डिटेन किया जाकर बाद पूछताछ कर गिरफ्तार किया। मामले में अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी मुकेश वर्मा पुत्र किशनलाल जाति बलाई उम्र 24 साल निवासी ममाणा पुलिस थाना नरैना जिला जयपुर ग्रामीण का रहने वाला है।

### देशभर में आज होंगे कई धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**निवाई।** भारत सरकार ने श्रमण संस्कृति के महाश्रमण युगशिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। केन्द्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने 31 जनवरी को एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर 100 रुपए का विशेष स्मारक सिक्का जारी करने की घोषणा की है। डॉ. पुष्पेंद्र मुनी ने इस घोषणा को अल्पसंख्यक वर्ग के जैन समुदाय के लिए गौरव का क्षण बताया। यह सिक्का 6 फरवरी को आचार्यश्री के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर जारी किया जाएगा। अखिल भारतीय जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर भारत सरकार द्वारा जारी किया गया विशेष सिक्का 44 मिलीमीटर व्यास का वृत्ताकार होगा जिसमें मिश्र चतुर्धातु का प्रयोग किया गया। इस मिश्र धातु में चांदी 50 प्रतिशत, तांबा 40 प्रतिशत, निकल 5 प्रतिशत और जस्ता 5 प्रतिशत शामिल होगा। सिक्के के अग्रभाग में अशोक स्तंभ का चिह्न होगा जिसके नीचे सत्यमेव जयते अंकित होगा। इसकी परिधि पर देवनागरी में भारत और अंग्रेजी में इंडिया लिखा होगा। स्तंभ के नीचे 100 का अंकन होगा।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, बाबूलाल चोटिया की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार को श्रीमाधोपुर के स्व . चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में "65 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर" का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज के गिरिराज कयाल से ने बताया कि सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 85 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 51 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए निजी बस से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रेफर किया गया, जहां चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा, साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। तथा चश्मे भी निःशुल्क दिये जायेगें। इस मौके पर शंकरा आई होस्पिटल से डॉक्टर आदित्य गुप्ता, अजीत सिंह तंवर, मुकेश कुमार, रामेश्वरी, प्रिया, पूर्व सह प्रान्तपाल डॉ. माधव सिंह, गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, पुरुषोत्तम शर्मा तथा गोकुल शर्मा व अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी।आज के शिविर में गत शिविर के आपरेशन हो चुके मरीजों को निःशुल्क नजर के चश्मे दिये गये। इससे पहले आयोजित 64 शिविरों में 5911 पंजीकरण किया जाकर उनमें से 1814 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है।

### सीबीईओ ने किया निरीक्षण

**कोटपूतली।** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार समस्त केजीबीवी विद्यालयध्छात्रावास के सघन निरीक्षण अन्तर्गत बुधवार को सीबीईओ विराटनगर शंकरलाल मीणा द्वारा केजीबीवी छात्रावास पवाना अहीर का निरीक्षण किया गया। प्राचार्य महेश चंद यादव के साथ अवलोकन अधिकारी द्वारा छात्रावास के सभी क्रियाकलाप एवं गतिविधियों का सघन परीक्षण करते हुये बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। बालिकाओं ने सभी व्यवस्थायें बहुत अच्छी बताई। प्राचार्य महेश चंद यादव व प्रभारी प्रवक्ता रामकरण यादव की प्रभावी मॉनिटरिंग व छात्रावास वार्डन नीतू कुमारी व स्टॉफ के कार्यो की प्रशंसा की तथा छात्रावास संचालन व्यवस्था व शैक्षणिक वातावरण से संतुष्ट होते हुये बालिकाओं को प्रोत्साहन प्रदान किया। साथ ही आवश्यक मार्गदर्शन देते हुये सौहार्दपूर्ण वातावरण में शैक्षिक उन्नयन व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। गौरतलब है कि बुधवार को सभी केजीबीवी विद्यालयध्छात्रावासों का अलग-अलग अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया है।

### बैठक आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम नालोट मेंप्रबुद्ध जन एकत्रित होकर राजस्थान सरकार पंचायत राज मै हो रहे परिसिमन को लेकर श्रीमाधोपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जोरावारनगर के राजस्व ग्राम नालोट को ग्राम पंचायत बनवाने हेतु अपनी आवाज बुलंद की। राजस्थान भाजपा किसान मोर्चा जयपुर संभाग मीडिया प्रभारी धर्मवीर सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम नालोट ग्राम पंचायत बनने की सभी शर्ते पूर्ण करता है। यातायात व स्वास्थ्य समन्धित सेवाओं से पिछड़ा हुआ ग्राम हैः ग्राम पंचायत बनने से ग्राम मै कई सुविधाओ का लाभ मिलेगा ।ग्राम के वरिष्ठ जन कैप्टन हरसाय भड़ाणा, कैलाश मीणा, राधेश्याम मीणा, मूलचंद सैन, शंकर नरुका, किशोर नरुका, महेश कुमार, जगदीश वर्मा, बंशी वर्मा, श्रवण वर्मा, दौलत धानका, मूलचंद धानका, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कनिष्क गुर्जर, भगीरथ गुर्जर, पूर्ण गुर्जर ,सुभाष गुर्जर, सुगाराम योगी, राकेश डोई पंच, राजेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश पंच, हजारी लाल , धर्मेंद्र रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्राम वासियो ने तय किया की एक प्रतिनिधि मंडल एसडीएम श्रीमाधोपुर व विधायक श्रीमाधोपुर यूडीएच मंत्री राजस्थान सरकार झाबर सिंह खर्रा से मिलकर अपनी मांग रखेंगे ।

### शिक्षक को मिला आदर्श पुरस्कार

**निवाई।** शिक्षा मंत्रालय माध्यमिक व उच्चस्तर शिक्षा विभाग भारत सरकार संलग्न संस्था अखिल भारतीय राष्ट्रभाषा विकास समिति मुंबई द्वारा स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी को गोल्ड मेडल के साथ आदर्श प्रधानाचार्य पुरस्कार एवं वरिष्ठ अध्यापक रमेशचंद मीणा को गोल्ड मेडल के साथ आदर्श अध्यापक पुरस्कार से नवाज गया। इस दौरान विद्यालय के कार्यक्रम में विधायक रामसहाय वर्मा द्वारा प्रधानाचार्य व शिक्षक को उक्त सम्मान प्रदान किया गया।